कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांक: DSW/
दिनांक: 20.09.2024

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित एलएल0एम0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024–25 की द्वितीय वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक 20.09.2024 की शाम को प्रकाशित की जायेगी।

द्वितीय वरीयता सूची के आधार पर महाविद्यालय/संस्थान/विश्वविद्यालय परिसर विभाग में दिनांक 21.09.2024 से दिनांक 24.09.2024 तक (03 कार्य दिवस) प्रवेश किये जायेंगे। महाविद्यालय/संस्थान/ विश्वविद्यालय परिसर विभाग द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 24.09.2024 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/विश्वविद्यालय परिसर विभाग में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/विश्वविद्यालय परिसर विभाग में प्रवेश हेतु सम्पर्क करेंगें।

द्वितीय वरीयता सूची में अंकित महाविद्यालय/संस्थान/ विश्वविद्यालय परिसर विभाग आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

20/9/24
संकायाध्यक्ष विधि — छात्र कल्याण अधिष्ठाता

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–
1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

20/9/24 — 20/9/24
संकायाध्यक्ष विधि — छात्र कल्याण अधिष्ठाता